हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार 2 फरवरी 2026


तापमान

अधिकतम 30.8 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री


04 2047 के आत्मनिर्भर और विकसित भारत का विजन : केबिनेट मंत्री गजेंद्र





05 पुरस्कार पाकर गदगद हुए बच्चे






## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार रखने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर घूमने और लोगों को डराने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सेक्टर 6 ई-मार्केट, बीएसपी अस्पताल गेट के सामने अवैध रूप से धारदार हथियार रखकर लोगों को डराने वाले को पकड़ा गया। भिलाई नगर की पेट्रोलिंग पार्टी को सूचना मिलने पर युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। युवक का नाम सेक्टर 6 निवासी किशोर राम उर्फ बबुआ होना बताया है। आरोपी के कब्जे से तलवार, चाकू जब्त किया गया।

### 19 थानों से आबकारी के 69 प्रकरण मिले



**भिलाई।** जिले के 19 थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर पुलिस ने 69 प्रकरण दर्ज किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि कानून व्यवस्था बेहतर करने के लिए अवैध शराब बेचने, परिवहन, संग्रहण को लेकर अभियान चलाया गया। अभियान में पुलिस टीमों द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर सघन जांच करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। जिसमें थाना खुर्सीपार 5, कुम्हारी 3, जामुल 5, छावनी 5, नेवई 2, वैशाली नगर 6, भिलाई नगर 1, सुपेला 6, दुर्ग 4, मोहन नगर 4, नंदनी 1, धमधा 4, पाटन 4, अमलेश्वर 2, रानीतराई 2, पुलगांव 4, अंजोरा 3, पद्मनाभपुर 3, उतई 5 शामिल है। पुलिस ने अभियान में थाना प्रभारियों, विवेचना और पेट्रोलिंग कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही है।

### माह भर बाद भी महिला के शव की शिनाख्त नहीं

**भिलाई।** कुम्हारी थाना क्षेत्र में मिले महिला के शव के मामले में पुलिस को अब तक कोई अहम सुराग हाथ नहीं लग पाया है। शिनाख्त करने के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया पर महिला के फोटो को वायरल भी किया। मगर शिनाख्त करने में पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। पुलिस ने जिले के ग्रामीण व शहरी थानों में लापता की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। महिला का शव कुम्हारी रेलवे ट्रैक के आसपास झाड़ियों में मिला था। शव पूरी तरह से डी-कंपोज हो गया था। शव का शिनाख्त करने पुलिस को मशक्कत करनी पड़ रही है।

### दो पालियों में आयोजित हुई टेट की परीक्षा, 3014 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

# आभूषण उतरवाने के बाद महिलाओं को मिला परीक्षा कक्ष में प्रवेश, हर मूवमेंट पर रही कैमरों की नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खास खबर

व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा रविवार को दो पालियों में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) की परीक्षा आयोजित करवाई गई। सुबह पाली की पपरीक्षा में महिला परीक्षार्थियों की संख्या अधिक थी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में इस बात का कढ़ाई से पालन किया गया कि व्यापम द्वारा निधारित वेशभूषा एवं चप्पल पहनकर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया गया। अनेक महिला परीक्षार्थियों द्वारा कान में आभूषण पहने जाने के कारण परीक्षा केन्द्र में उन्हें आभूषण उतरवाने के बाद परीक्षा केन्द्रों में मुख्य द्वार से प्रवेश दिया गया। दोनों पालियों में परीक्षा आरंभ होने के 30 मिनट पूर्व बंद कर दिया गया जिसकी विडियों ग्राफी भी कराई गई।



परीक्षा देकर केंद्र से बाहर निकलते अभ्यार्थी।



परीक्षा से पहले जूता निकालते अभ्यर्थी।

### वाशरूम जाने वाले परीक्षार्थियों की सूची भी बनाई

परीक्षा के दौरान वाशरूम का उपयोग करने बाले परीक्षार्थियों का विवरण व्यापम द्वारा निर्धारित प्रपत्र में किया गया। इसके अलावा प्रत्येक केन्द्र में जैमर की व्यवस्था होने के कारण मोबाईल का सम्पर्क टूटा रहा। परीक्षा के दौरान उपयोग में लाई जाने वाली ओ.एम.आर उत्तर शीट में परीक्षार्थियों को यह आकड़ा भी प्रविष्ठ करना पड़ा की उन्होने कितने प्रश्न हल नहीं किए है।

### 3014अभ्यर्थी अनुपस्थित

जिले में प्रथम पाली में प्राथमिक विद्यालय हेतु शिक्षक पात्रता परीक्षा में कुल 12096 परीक्षार्थियों में से 9129 परीक्षाथी उपस्थित रहे तथा 2967 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दुर्ग जिले के व्यापम परीक्षा के समन्वयक एवं शासकीय विश्वनाथ याद्व तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग, के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि शाम की पाली में कुल 26171 परीक्षार्थियों में से 21452 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 47 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं। डॉ. सिंह ने बताया की व्यापम के निर्देशानुसार प्रत्येक केन्द्र में पुलिस कर्मियों द्वारा परीक्षार्थियों की सघन जाब एवं जैमर की व्यवस्था की गई थी इसके अतिरिक्त प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में नोडल अधिकारी द्वारा नियुक्त परिवेशक एवं समन्वय केन्द्र द्वारा नियुक्ति परिवेक्षक पूरी परीक्षा अवधि के दौरान उपस्थित रहे।

### रात दस बजे तक आसंरशीट होती रहे जमा

सहायक समन्वयक डॉ एस.एन. ब्रा तथा डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने बताया कि दूसरी पाली की परीक्षा शाम 5.45 पर समाप्त होने के पश्चात संग्रहण केन्द्र साइस कॉलेज दुर्ग में रात्रि 10 बजे तक मूल्याकन पेटी के जमा होने का क्रम जारी है। संग्रहण केन्द्र में सहायक समन्वयक के रूप में डॉ. एस.एन.झा तथा डॉ. जगजीत कौर सलूजा. डॉ अभिनेष सुत्तना डॉ. एस.डी. देशमुख डॉ. दिव्या मिज, डॉ. मर्सी जार्ज डॉ. प्रजा कुलकनी डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. राकेश तिवारी तथा डॉ. जीएस वाकुर उपस्थित थे।

### नाबालिग के साथ गैंगरेप का मामला

# गैंगरेप मामले में अब भी तीन रसूखदार फरार, एक गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नौकरी का झांसा देकर नाबालिग के साथ गैंगरेप करने के मामले में अब भी तीन रसुखदार पुलिस पकड़ से बाहर है। घटना में 6 आरोपियों ने अंजाम दिया है। पुलिस ने दो आरोपी को शनिवार और रविवार को एक को गिरफ्तार किया है।

एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि गैंगरेप के मामले में पुलिस ने चौकड़िया पारा, वार्ड 35, जिला राजनांदगांव निवासी गोविंद सिंह नागवंशी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दुर्ग के पीडब्लूडी विभाग से सेवानिवृत्त कर्मी है। इसके अलावा निज सहायक रहे बीएन पाण्डेय, राजू कश्यप, संजय पंडित अभी तक पुलिस पकड़ से बाहर है।इन तीनों बड़े रसुखदारों में आते है। नाबालिग के शिकायत के बाद ही तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए है। पुलिस तीनों को पकड़ने के लिए जगह-जगह दबिश दे रही है। लेकिन आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है। आठ सालों से नाबालिग के साथ लगातार गैंगरेप करने वालों की जानकारी

- अब तक तीन आरोपी को पुलिस पकड़ चुकी है
- मामले की विवेचना जारी, पुलिस की टीम जगह-जगह दे रही है दबिश

तक कानोकान किसी को नहीं हो पाई। नाबालिग ने जब न्यायालय का शरण लिया तब पुलिस हरकत में आई और रसुखदारों के खिलाफ कार्रवाई हो पाई। गैंगरेप का मामला सुर्खियों में आते ही रसुखदार कहां गायब हो गए पता नहीं चल पा रहा है।

24 घंटे पहले हुई थी मकान में चोरी

आरोपी घरेलू नौकरानी निकली

# मकान में चोरी करने वाली महिला को पुलिस ने पकड़ा

### पुलिस ने 20 लाख के जेवरात किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

घरेलू कामकाज करने वाली महिला ने लाखों रुपए का समाना मकान से चोरी किया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।



घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि एचआईजी 57 पद्मनाभपुर निवासी राहुल जैन के मकान से सोने-हीरे के आभूषण चोरी हुई थी। इसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर स्टेशन मरोदा नेवई निवासी कविता देशलहरे को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए बुलाया। जिसमें उसने चोरी करना स्वीकार किया। उसने बताया कि वो राहुल जैन के मकान में काम करने जाती थी। उन लोगों का उसके प्रति काफी विश्वास हो गया था। इसीका फायदा उठाते हुए उसने वहां चोरी की। पदमनाभपुर पुलिस ने कविता के पास से सोना-हीरे के आभूषण समेत अन्य सामान जब्त किया है। जब्त सामानों की कीमत 20 लाख रुपए है। कार्रवाई में पदमनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### महिला के पास से ये सामान हुआ जब्त

एक हीरे जड़ी सोने की चेन, दो सोने के मंगलसूत्र, एक सोने का नेकलेस, दो कान के झुमके, एक चांदी की करधन, एक बड़ी पायल, एक छोटी पायल, दो बिछिया।

### चोरी के जेवरात खरीदने वाला भी पकड़ाया



पुलिस ने टंकी मरोदा स्थित गोविंद ज्वेलर्स संचालक रमेश सोनी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी कविता ने मकान से चोरी किए गए जेवरातों को रमेश सोनी के शॉप पर बेचा था। आरोपी के पास से पुलिस ने 47 हजार नगदी और सोना चांदी व हीरे के जेवरात भी जब्त किया है।

### सूने मकान में चोरी आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**भिलाई।** श्राध्द कार्यक्रम में गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर गुल्लक से रकम, और जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि वर्षा साहू अपने मकान में ताला जड़कर दादा काशी राम के श्राध्द कार्यक्रम में गई थी। देर शाम घर वापस मानीचौरी आकर देखी तो मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। मकान के भीतर घुसकर देखने पर गुल्लक टुटा पड़ा मिला। जिसमें 1500 रुपये, चांदी की चेन 1100 रुपया, मोबाइल 5 हजार, घरेलू कपड़ा 1500 रुपया और कॉलेज का आईडी कार्ड गायब मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद घटना की शिकायत पुलिस से किया गया। पुलिस आरोपी की तलाश करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले के साथ ही पूछताछ कर रही है।

# प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के आरोप में दो महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

धर्म परिवर्तन के आरोप में पुलिस ने दो महिला को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि पदुमनगर चरोदा वार्ड 19 भिलाई तीन निवासी रुखमणी पाण्डेय ने पुलिस में शिकायत की है कि वो घरों में खाना बनाने का काम करती है। 25 जनवरी को दो अज्ञात महिलाएं उनके घर पहुंची। मसीह धर्म अपनाने पर बीमारी ठीक होने व आर्थिक सहायता का प्रलोभन दिया देने का आरोप लगाया। सहमति नहीं देने पर वे महिलाएं चली गई थी। फिर दोनों महिलाएं घर आईं और धर्म अपनाने, बाइबिल पढ़ने, आर्थिक सहायता, इलाज, बेटी की शादी में सहयोग करने का प्रलोभन दिया। परिजनों द्वारा विरोध किया और शिकायत पुलिस से करने के बाद महिलाओं की खोजबीन की गई। इस दौरान पुलिस ने खुर्सीपार निवासी सारिका डाडिंगे और कुम्हारी प्रिंयका साइमन को पकड़ा गया। मामले में पुलिस ने धारा 299 बीएनएस, 04 छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के के तहत जुर्म दर्ज किया है।

- भिलाई तीन थाना क्षेत्र की है घटना, छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के तहत कार्रवाई



## कंपनी के कलेक्शन रकम की हेराफेरी सुपरवाइजर के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** कंपनी के दैनिक कलेक्शन की राशि में हेराफेरी कर सुपरवाइजर ने लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि एनटेक्स ट्रान्सपोर्टेशन ससर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड फ्लिपकार्ट इंटरनेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में जतिन कुमार झा सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत था। आरोपी जतिन वितरण, कैश कलेक्शन, शाखा प्रबंधन का कार्य भी संभालता था। प्रधान कार्यालय पुणे से 8 दिसंबर 2025 को सूचना मिली कि उसने कलेक्शन की राशि के जमा स्लिप में फेर बदल कर एजेंसी को 47226 की राशि, 27 नवंबर को कैश मैनेजमेंट सर्विस के जमा 11 हजार 175 रुपए और पर्ची में बदलाव करके 18,275 रुपए बताया गया। जतिन के द्वारा व्हाट्सप्प मैसेज के माध्यम से कंपनी को सूचित किया।

# ट्रैफिक पुलिस ने सड़क सुरक्षा सप्ताह में योगदान देने वालों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्रैफिक पुलिस का सड़क सुरक्षा माह का समापन को कला मंदिर सिविक सेंटर में संपन्न हुआ। इस दौरान 550 स्कूली छात्र-छात्राएं, पालक समाज सेवी पहुंचे थे। हेलमेट व नशे को लेकर वाहन चालको समझाइश देकर जागरूक किया गया। नुक्कड़, नाटक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया था। ट्रैफिक पुलिस ने स्कूल, कालेज समेत निजी, सरकारी संस्थानों में पहुंचकर लोगों में जागरुकता लाने का प्रयास किया। एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग न करना, नशे की हालत में वाहन चलाना, गंभीर हादसों, मृत्यु के मुख्य कारण हैं। आम जनता से अपील की गई कि वे अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें। सड़क सुरक्षा केवल पुलिस विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान बीएसपी इंद्रधनुष टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ट्रैफिक नियमों एवं सड़क सुरक्षा का प्रभावी संदेश दिया। बीएसपी स्कूल सेक्टर-10 व विशेष बच्चों की टीम द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुक किया।




समारोह में ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा आयोजित रंगोली, पेंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र,उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। सड़क हादसों की रोकथाम, रक्तदान शिविरों के आयोजन, ट्रैफिक नियमों के प्रति जन जागरूकता फैलाने में अह्म भूमिका निभाने वाली समाजसेवी संस्थाओं, व्यक्तियों को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### अभियान | सुपेला संडे मार्केट क्षेत्र में तीसरे रविवार को चला बुलडोजर

# सुपेला क्षेत्र में सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुपेला संडे मार्केट क्षेत्र में तीसरे रविवार को भी बुलडोजर चला। भिलाई निगम व पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की गई। घड़ी चौक, सुपेला से गदा चौक, सुपेला तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण हटाए गए। पूरा मार्ग रविवार को खाली सा दिखाई दिया। लोग बेहतर तरीके से आवागमन करते दिखे। इस बार कार्रवाई के पहले ही दुकानदारों ने अपने सामान सड़कों पर निकालने के बजाय अपने दायरे में ही सजा कर रखी। बीच सड़क से ठेले से कारोबार करने वाले भी नहीं दिखे।

दुर्ग पुलिस आम नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील करती है कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करें, यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें एवं शासन-प्रशासन द्वारा की जा रही वैधानिक कार्यवाही में सहयोग प्रदान करें।



सुपेला संडे मार्केट में अवैध कब्जा हटाते पुलिस व निगम कर्मचारी।

### अलसुबह 6 बजे ही कार्रवाई शुरू

सुबह 6 बजे से संडे मार्केट, सुपेला क्षेत्र में नगर पालिक निगम भिलाई की टीम के साथ पुलिस बल द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई, जिससे मार्ग को पूर्णतः क्लियर कर दिया गया है। संपूर्ण कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होती रही। जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था सामान्य बनी हुई है। इस कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक, छावनी; थाना सुपेला, थाना वैशाली नगर, थाना भिलाई भट्टी के पुलिस अधिकारी/कर्मचारी तथा नगर पालिक निगम भिलाई के राजस्व निरीक्षक एवं निगम अमले की सक्रिय एवं समन्वित भूमिका रही।

## 32 गुना आवासीय किराया बढ़ाने पर रिटेंशनधारी करेंगे बेमुद्दत भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में आवासीय किराया बढ़ने से परेशान रिटायर बीएसपी कर्मचारियों की मुश्किलें कम होने का नाम नही ले रही हैं। बीएसपी प्रबंधन की उदासीनता से अब सैकड़ों सेवानिवृत्त कर्माचारी परिवार के साथ सड़क पर उतरने मजबूर होंगे। रिटेंशनधारियों ने पखवाड़ेभर बेमुद्दत भूख हड़ताल की चेतावनी दे दी है। यूनियन इसके लिए विभिन्न संगठनों का समर्थन जुटाने जुट गए हैं।

उल्लेखनीय है कि रिटेंशनधारी पिछले दो महीने से रिटेंशन स्कीम का किराया वृद्धि वापस लेने की मांग कर रहे हैं। लेकिन अब तक प्रबंधन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया है। इससे रिटेंशधारियों की परेशानी और असंतोष बढ़ रहा है। रिटेंशनधारियों की हुई बैठक में अब किराया वृद्धि वापस नहीं लेने पर आईआर विभाग के निकट मुर्गा चौक पर 16 फरवरी से बेमुद्दत भूख हड़ताल का निर्णय लिया गया है। बैठक में किराया वृद्धि वापस लेने विभिन्न संगठनों का समर्थन जुटाने की रणनीति बनाई गई है। रिटेंशनधारियों ने बताया कि सभी रिटायर रिटेंशनधारियों ने टाउनशिप आवास आवंटन के लिए 7 से 10 लाख रुपए जमा किए हैं। इसका कोई ब्याज प्रबंधन नहीं देता है। हर माह नियमित रुप से निर्धारित किराया भी भुगतान कर रहे हैं। लेकिन बहुत कम लोग जो किराया नहीं पटा रहे हैं, उनके चलते प्रबंधन ने सभी का आवासी किराया 24 रुपए प्रति वर्ग फुट यानी 32 गुना बढ़ा दिया है।


सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने

अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध

आज ही पधारें

सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है

- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

**खबर संक्षेप**



### बच्चों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी

**दुर्ग।** शा पूर्व माध्य शाला चीचा में मुख्यमंत्री जतन योजना के अंतर्गत बैगलेस डे पर बच्चों को सड़क सुरक्षा के तहत श्री बघेल द्वारा यातायात के नियम में जेबरा क्रासिंग, लाल बत्ती सिग्नल, पीली बत्ती, हरा बत्ती, चौराहा पार करना, रेलवे क्रासिंग, आगे स्कूल, पुल, अस्पताल, ओवर टेक, प्रति घंटे की गति, अठ्ठारह वर्ष होने पर ही वाहन चलाने, लायसेंस इत्यादि विषयों पर जानकारी दी गई। साथ में प्रोजेक्टर के माध्यम से श्री सार्वे ने सड़क सुरक्षा पर लघु फिल्म भी दिखाया गया, जिस से बच्चों मे जागरूकता लाया जा सकें। अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रधान पाठक द्वारा कापी पेन प्रदान कर पुरस्कृत किया गया ताकि आने वाले परीक्षा बच्चों का आत्मविश्वास बना रहे।

### प्राध्यापक डॉ. सलूजा को सेवा निवृत्ति पर दी गई बिदाई



**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. हरजिंदर पाल सिंह सलूजा को लगभग 40 वर्षों की लंबी शासकीय सेवा के पश्चात सेवानिवृत्ति पर महाविद्यालय परिवार एवं स्टॉफ क्लब द्वारा समारोह पूर्वक बिदाई दी गयी। स्टॉफ क्लब के प्रभारी डॉ. ज्योति धारकर ने बताया कि महाविद्यालय के राधाकृष्णन सभागार में आयोजित बिदाई समारोह में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अतिथि प्राध्यापकगण, कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. सलूजा ने कहा कि शासकीय सेवा निवृत्ति एक सतत प्रक्रिया है, डॉ. सलूजा ने अपने पारिवारिक सदस्यों तथा महाविद्यालय परिवार द्वारा दिए गए अभूतपूर्व सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

# आदित्य नगर में जुटा जनसैलाब, आदर्श उपभोक्ताओं का हुआ अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2026 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सीएसपीडीसीएल नगर संभाग दुर्ग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आदित्य नगर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिधियों, विभागीय अधिकारियों और उपभोक्ताओं की भारी उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार, विशेष अतिथि निगम सभापति श्याम शर्मा सहित विभाग की ओर से अधीक्षण अभियंता एस मनोज, कार्यपालन अभियंता एसके महादुले, टीएन बंछोर और आरके दानी आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर विभाग के रिटायर्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनकी दीर्घ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ऊर्जा संरक्षण और समय पर भुगतान को प्रोत्साहित करने घरेलू, गैर-घरेलू, कृषि, बीपीएल श्रेणी और पीएम सूर्य घर योजना के 5-5 चयनित उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम परिसर में विभाग की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने विशेष स्टाल लगाए गए।

**बिजली विभाग के साथ मना रजत उत्सव, रिटायर्ड अधिकारी एवं कर्मचारियों को किया सम्मानित**




### उपभोक्ताओं को बिजली बचत, सुरक्षा और नई योजनाओं की दी जानकारी

बैनर और प्रोजेक्टर के माध्यम से उपभोक्ताओं को बिजली बचत, सुरक्षा और नई योजनाओं जैसे पीएम सूर्य घर के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। महापौर अलका बाघमार ने अपने संबोधन में विद्युत विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि रजत महोत्सव के माध्यम से शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना एक सराहनीय कदम है।

## 1.20 करोड़ के नाला निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण कार्यों पर निगम की मुहर

# दुर्ग शहर के विकास के लिए नाला, सड़क, तालाब व नदी तट विकास पर निगम का बड़ा एक्शन प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

**शहर के सर्वांगीण विकास, आधारभूत संरचना को मजबूत करने हुई चर्चा**

दुर्ग शहर का विकास कार्य की बड़ी रूपरेखा दुर्ग निगम ने बनाई है। 1.20 करोड़ की लागत से 2 किलोमीटर नाला निर्माण को मिली स्वीकृति तालाबों के सौंदर्यीकरण पर भी बनी ठोस कार्ययोजना बैठक में वर्धमान धर्मशाला से सरस्वती नगर ए.एच.पी. होते हुए नदी रोड तक लगभग 2 किलोमीटर लंबाई में नाला निर्माण (वार्ड क्रमांक 31, 34 एवं 35) हेतु अनुमानित लागत राशि 1.20 करोड़ रुपये निर्धारित की गई। दुर्ग शहर के समस्त वार्डों में स्थित तालाबों के सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने पर भी सहमति बनी।

दुर्ग निगम महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम दुर्ग में लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर की अध्यक्षता में समिति के सदस्यों के साथ बजट संबंधी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों के साथ शहर के सर्वांगीण विकास, आधारभूत संरचना को मजबूत करने एवं जनसुविधाओं के विस्तार को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया।



### शहर के जल निकासी तंत्र को मजबूत करने पर दिया जोर

बैठक के दौरान महापौर के निर्देशानुसार शंकर नगर नाला में रिटर्निंग वॉल एवं साइड से एप्रोच रोड निर्माण, नियमित साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा अतिक्रमण हटाने के कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। साथ ही शहर के जलनिकासी तंत्र को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में शिवनाथ नदी किनारे एप्रोच रोड से लेकर आरसीसी नाली तक विकास कार्यों को हरी झंडी शहर की आधारभूत संरचना होगी और अधिक मजबूत होगी।

### सोलर हाईमास्ट व स्ट्रीट लाइट पर लिए गए निर्णय

विद्युत कर्मशाला एवं यांत्रिकी विभागीय समिति की बैठक विद्युत कर्मशाला एवं यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति के प्रभारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में निगम क्षेत्र अंतर्गत प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वार्ड क्रमांक 07, 15, 32, 57, 58, साथ ही हरनाबांधा चौक एवं श्रीराम चौक में कुल 11 नग सोलर हाईमास्ट लाइट लगाए जाने की मांग रखी गई। इसके साथ ही निगम क्षेत्र में पूर्व से स्थापित बंद पड़े हाईमास्ट लाइटों के त्वरित सुधार के निर्देश दिए गए।

### शिवनाथ नदी किनारे एप्रोच रोड

बैठक में शिवनाथ नदी से राजनांदगांव रोड तक नदी किनारे एप्रोच रोड निर्माण, मुक्तिधाम से शिवनाथ नदी किनारे शव दफनाने वाले मार्ग तक एप्रोच रोड निर्माण, शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के पास सर्वसुलभ शौचालय निर्माण तथा गंजपारा चौक से प्रिंस बार होते हुए पुलगांव नाला तक 500 मीटर लंबाई में आर.सी.सी. नाली एवं पुलिया निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। बैठक के दौरान समिति सदस्य कुलेश्वर साहू, आशीष चंद्राकर, कमल देवांगन, गुलाब वर्मा, लोकेश्वरी ठाकुर, सरस निर्मलकर सहित कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, विनोद मांझी, करण यादव, विकास दमाहे, मोहित मरकाम एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 2047 के आत्मनिर्भर और विकसित भारत का विजन : केबिनेट मंत्री गजेंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में 12वां बजट पेश किया। इस बजट को कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 को विजन को लेकर बनाया गया है। उसमें यह काफी अहम योगदान देगा।

उन्होंने मीडिया को बताया कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की बेहतर नीतियों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार प्रगति पर है। बजट आर्थिक विकास में तेजी लाने और उसे बनाए रखने पर केंद्रित है। भारत को वैश्विक हब बनाने के लिए बायोफार्मा शक्ति की शुरुआत होगी, जिसके तहत 5 सालों में 10 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए जाएंगे। इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 लॉन्च किया गया। इसके तहत इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के लिए 40,000 करोड़ रुपए का बजट दिया जाएगा। इसके साथ ही दुर्लभ अर्थ कॉरिडोर स्थापित करने, कैमिकल पार्क स्थापित करने, हाई-टेक टूल रूम और निर्माण उपकरण को बढ़ाने, कपड़ा क्षेत्र में टेक्सटाइल विस्तार और रोजगार योजना, राष्ट्रीय हथकरघा और हस्तशिल्प कार्यक्रम, टेक टैक्स-इको और टेक्सटाइल कौशल के लिए समर्थ समर्थ 2.01 जैसी योजनाओं के लिए बजट जारी किया जाएगा।

### एमएसएमई को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान

कैबिनेट मंत्री यादव ने कहा की खादी और हस्तशिल्प को मजबूत करने के लिए महात्मा गांधी बाम स्वराज पहल शुरू की जाएगी। एमएसएमई को आगे बढ़ाने के लिए एमएसएमई इक्विटी सहायता योजना पर 10 हजार करोड़ रुपए का बजट दिया जाएगा। आत्मनिर्भर भारत के लिए 2,000 करोड़ और तरलता महायता को अधिकतम किया जाएगा।

### 5 सालों में 20 हजार करोड़ का होगा निवेश

कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने आगे कहा कि बिजली, स्टील, सीमेंट आदि उद्योगों के लिए 5 सालों में 20,000 करोड़ का निवेश किया जाएगा। आयोजित प्रेस वार्ता में दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक अशोक राठी,मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, कार्यक्रम के सदस्य दीपक चोपड़ा, विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजिका एवं कार्यक्रम सदस्य उमा भारती साहू उपस्थित रहे।

# किफायती जन आवास नियम 2025 लागू, जनता को मिलेगा सस्ता आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास नियम 2025 को छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में 17 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित कर राज्यभर में लागू कर दिया गया है। इस नियम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विशेष रूप से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को सस्ती दरों पर व्यवस्थित, सुरक्षित और कानूनी रूप से स्वीकृत कॉलोनियों में आवास उपलब्ध कराना है। इस नियम के लागू होने से राज्य में अवैध प्लाटिंग पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा और अवैध कॉलोनियों को वैध बनाने की प्रक्रिया को सरल किया गया है।

- **इस नियम से अवैध प्लाटिंग पर होगा नियंत्रण**

इससे न केवल आम लोगों को कानूनी सुरक्षा मिलेगी बल्कि शासन को होने वाले राजस्व नुकसान को भी रोका जा सकेगा। शासन द्वारा कॉलोनी विकास से जुड़े नियमों में व्यावहारिक ढील दी गई है, जिससे किफायती आवास परियोजनाओं को बढ़ावा मिल सके।

नए प्रावधानों के तहत कॉलोनी विकास के लिए न्यूनतम भूमि सीमा, सड़कों की चौड़ाई तथा सामुदायिक उपयोग के लिए निर्धारित भूमि में छूट प्रदान की गई है।

इससे डेवलपर्स को आसानी से परियोजनाएं विकसित करने का अवसर मिलेगा और नागरिकों को नियोजित कॉलोनियों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। नियमों में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए डेवलपर्स को नक्शा स्वीकृति के समय घोषित सुविधाओं जैसे उद्यान, क्लब आदि का निर्माण अनिवार्य किया गया है, जिससे आम नागरिकों को धोखाधड़ी से बचाया जा सके।

### कृषि भूमि पर भी कॉलोनी बनाने की अनुमति

इस नियम के अंतर्गत कृषि भूमि पर भी कॉलोनी विकास की अनुमति दी गई है, जिससे भूमि की उपलब्धता बढ़ेगी और भू-स्वामियों को आर्थिक लाभ मिलेगा। इसके साथ ही सुनियोजित कॉलोनियों के विकास के माध्यम से शहरी विकास को गति मिलेगी और राज्य सरकार के सभी के लिए आवास के लक्ष्य को साकार करने में सहायता मिलेगी। किफायती जन आवास योजना के तहत अनुमोदन हेतु इच्छुक आवेदकों को निर्धारित प्रारूप में ऑफलाइन आवेदन करना होगा। आवश्यक दस्तावेजों एवं निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

## कबीर आश्रम के साहू दंपति सहित तीन सदस्यों ने किया सामूहिक देहदान



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नेहरू नगर स्थित निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम में भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। आश्रम के 57वें वार्षिक आध्यात्मिक सत्संग महायज्ञ पर अध्यात्म को मानवता की सेवा से जोड़ते हुए तीन सदस्यों ने मरणोपरांत देहदान का संकल्प लिया। आश्रम के सदस्य हिरेन्द्र कुमार साहूए उनकी धर्मपत्नी धनेश्वरी साहू और तुलसीराम साहू ने अपनी पार्थिव काया को चिकित्सा शोध के लिए समर्पित करने का वसीयतनामा सौंपा।

प्रनाम संस्था के अध्यक्ष पवन केसवानी ने बताया कि नेहरू नगर कबीर आश्रम सेवा और समर्पण का केंद्र बन चुका है, जहां से अब तक 215 सदस्य देहदान का संकल्प ले चुके हैं। इनमें से 6 सदस्यों की पार्थिव देह मरणोपरांत छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों को सौंपी जा चुकी है। कार्यक्रम में आत्माराम साहू, डॉ. हीरालाल साहू, प्रेम दास साहू, शिवकुमार साव, उर्मिला साहू, रामाधार साहू एवं गौकरण लाल साहू सहित अन्य सेवादारों ने योगदान दिया।

## दुर्ग जिला निषाद समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज दुर्ग जिला संगठन द्वारा वार्षिक सम्मेलन ग्राम पोटिया कला में 2 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। जिला एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा बिरेंद्र कुमार निषाद ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दीप प्रज्वलन पूजा अर्चना से शुरू होगी। जिसके बाद झंडारोहण, नव दंपतियों जोड़ों का आदर्श विवाह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन व सामाजिक परिचर्चा अतिथियों का स्वागत सम्मान और समाज के 10 वीं और 12 वीं के छात्र-छात्राओं को तथा उत्कृष्ट खेल साहित्य कला प्रतिभाओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव शामिल होंगे। इसके अलावा अध्यक्षता गुडरण्देही विधायक और छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद, जिला अध्यक्ष डॉ. घनश्याम निषाद, विशेष अतिथि मुख्यमंत्री निजी सचिव तुलसी कौशिक, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष निषाद समाज एवं सह-संयोजक मछुआ प्रकोष्ठ भाजपा आनंद निषाद दुर्ग शहर महापौर अलका बाघमार शामिल होंगे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाया दीक्षांत समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कक्षा द्वादश के भैया बहनों का दीक्षांत समारोह सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसारीडीह दुर्ग में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर दीप मंत्र के साथ किया गया। अतिथि परिचय विद्यालय की प्राचार्य कृपा शर्मा ने किया तथा एकादश के छात्रों द्वारा अतिथियों को भेंट देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य एचएस वर्मा शिक्षाविद समिति सदस्य तथा पूर्व छात्रा दीपाली शुक्ला एवं राहुल वर्मा थे। इन्होंने छात्र-छात्राओं को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने कहा। पूर्व छात्रा सुश्री दीपाली शुक्ला ने भी विचार व्यक्त किए। संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में हरिश्चंद्र साहू, प्राचार्य कृपा शर्मा दीदी, रमेश सोनारे, मनोज दानीजी आचार्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में समिति सदस्य पूनम चंद जैन कोषाध्यक्ष, आचार्य दीदीयां तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**नपानि दुर्ग के राजस्व विभाग एवं राजस्व समिति की हुई बैठक**

# डिजिटल कर और ट्रेड लाइसेंस दरें यथावत लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग के राजस्व विभाग एवं राजस्व समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राजस्व समिति प्रभारी चंद्रशेखर चंद्राकर ने की। बैठक में निगम की आय वृद्धि एवं राजस्व वसूली को सुदृढ़ करने हेतु कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि दुर्ग शहर के सभी 60 वार्डों में रायपुर शहर की तर्ज पर आधुनिक डिजिटल कर प्रणाली लागू की जाएगी, जिसके अंतर्गत प्रत्येक घर, मकान एवं दुकान की डिजिटल नंबरिंग की जाएगी। इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

- **राजस्व समिति की बैठक में वसूली बढ़ाने कई निर्णय**

बैठक में यह भी बताया गया कि वर्तमान में निगम क्षेत्र के 60 वार्डों में अपेक्षित संख्या में आरिस कर्मचारियों की कमी के कारण विगत वर्षों की तुलना में कर वसूली प्रभावित हुई है। प्रस्ताव रखा गया कि सभी 60 वार्डों में आरिस की पदस्थापना किए जाने से वसूली का प्रतिशत शत-प्रतिशत तक पहुंच सकेगा। इस प्रस्ताव को भी सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।



### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शासन द्वारा ट्रेड लाइसेंस शुल्क में की गई वृद्धि, जो राजपत्र में प्रकाशित हो चुकी है, उसे निगम की आय वृद्धि हेतु यथावत लागू किया जाए। इस प्रस्ताव को भी सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में विजयंत पटेल, कुलेश्वर साहू, ललिता ठाकुर, गोविंद देवांगन, बबिता यादव, जीतू महोबिया, कमल देवांगन, रामचंद्र सिंह, सविता साहू, जितेंद्र कुमार, आरके बोरकर एवं सहायक राजस्व अधिकारी थाना सिंह यादव उपस्थित रहे।

### राजस्व वसूली के लिए होगी टीम गठित

प्रभारी शेखर चन्द्राकर ने वर्तमान में अनुकंपा नियुक्तियों पर चर्चा करते हुए यह निर्णय लिया गया कि इनमें से 12वीं उत्तीर्ण योग्य पुरुष कर्मचारियों को राजस्व विभाग में वसूली कार्य हेतु पदस्थ किया जाए। वहीं कम पढ़े-लिखे कर्मचारियों को लाइसेंस एवं राजस्व विभाग में नोटिस वितरण कार्य हेतु उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। दोनों प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। इसके साथ ही बड़े बकायादारों से वसूली को लेकर एक विशेष टीम के गठन का निर्णय लिया गया।

## नगर निगम अधिकारी-कर्मचारियों ने शहीदों को दी मौन श्रद्धांजलि

**दुर्ग** । शहीद दिवस के अवसर पंj नगर पालिक निगम दुर्ग परिसर में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार के नेतृत्व में नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित समस्त शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर निगम दुर्ग परिसर में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मौन धारण कर राष्ट्र की स्वतंत्रता एवं अखंडता के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों को नमन किया।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पुण्य तिथि पर याद किए गये राष्ट्रपिता

**सेलूद।** सेलूद के गांधी चौक व बाजार चौक में स्थित उदयराम स्मारक स्थल पर महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा हुई। सेलुद सरपंच खिलेश मारकंडे ने इस दौरान कहा कि बापू ने दुनिया को सत्य और अहिंसा के बल से परिचित कराया। बाजार चौक सेलूद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर नमन किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच राकेश साहु, सुरेंद बंछोर, पंच हेमीन ओगरे, दानेश्वर वर्मा, रवि पटेल, सचिव हुपेन्द्र साहू, हेमा देवाँगन और रेणुका आदि उपस्थित थे।

## निधन

### अर्जुन सिंह साहू



**सेलूद।** शास्त्री चौक सेलूद निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक अर्जुन सिंह साहू (78) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोलवा बगीचा बाबाकुटी स्थित तालाब पार में किया गया। वे तेजपाल साहू, तीरथराम साहू, मित्र वरुण साहू, सूर्यप्रकाश साहू के पिता व तामसेन श्रीधर मोहित के दादाजी थे।

### विनोद कुमार पराशर



**भिलाई।** मैत्रीकुंज निवासी 63 वर्षीय विनोद कुमार पराशर(बिट्टू) का 1 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 फरवरी को प्रातः 11 बजे रिसाली मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे आभाष पराशर के पिता व छ.ग. पंजाबी ब्राह्मण समाज के कोषाध्यक्ष अजय कौशल के जीजा थे। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास 205 आकृति रेसिडेंसी, मैत्री कुंज प्रगति नगर से सुबह 10.30 बजे निकाली जायेगी।

### विश्वजीत दत्ता



**भिलाई।** ब्लाउज कॉर्नर सेक्टर 6 ए मार्केट के संचालक विश्वजीत दत्ता 61 वर्ष का निधन रविवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2 फरवरी को दोपहर 12 बजे ईडब्ल्यूएस 461 वैशाली नगर से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे विप्लव दत्ता के बड़े भाई थे। अपने पीछे पत्नी, दो पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### भारतीय ज्ञान परंपरा, विज्ञान एवं वेदान्त का संवाद पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

# भारतीयता के लिए घातक सिद्ध हो रही मैकाले की शिक्षा पद्धति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा की ओर से 29 से 31 जनवरी तक "भारतीय ज्ञान परंपराः विज्ञान और वेदान्त का संवाद" विषय पर त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। पहले दिन संगोष्ठी विषय की पृष्ठभूमि को स्पष्ट करते हुए विद्वान वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के अंतर्संबंध पर व्यापक विमर्श प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ. भूपेंद्र कुलदीप, कुलसचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ने कहा कि यह संगोष्ठी विज्ञान और वेदान्त के मध्य सेतु स्थापित करने का दुर्लभ अवसर है।

अतिथि संयोजक एवम् मुख्य वक्ता डॉ. संदीप अवस्थी ने सनातन चेतना, भक्ति विज्ञान और जीवन दर्शन को रेखांकित किया।

विशेष आमंत्रित वक्ता डॉ. अंजलि अवधिया, प्राचार्य, शासकीय कमलादेवी राठी महाविद्यालय, राजनांदगांव ने "भारतीय ज्ञान परंपराः विज्ञान और वेदान्त का संवाद" विषय पर क्वांटम फिजिक्स के संदर्भ में

## भारतीय ज्ञान परंपरा पर मंथन किया विद्वान वक्ताओं ने



षड्दर्शन की व्याख्या की। दूसरे दिन ऋषिकेश ब्रह्मचारी ने लॉर्ड मैकाले द्वारा लागू शिक्षा पद्धति की आलोचना करते हुए कहा कि यह भारतीयता के लिए घातक सिद्ध हो रही है। विशिष्ट वक्ता प्रो. अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी, कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर ने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली विश्व की सबसे प्राचीन, वैज्ञानिक और मूल्याधारित प्रणाली रही है। समापन दिवस का शुभारंभ छत्तीसगढ़ की लोक–संस्कृति पर आधारित 'जय जोहार' नृत्य से हुआ।

डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष, गणित, शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव ने कहा कि तार्किक चिंतन और व्यवहारिक ज्ञान से मानव



जीवन के अनेक सूत्र सुलझते हैं। संगोष्ठी में होलेश्वर देशमुख, डॉ. मंजू साहू, जयति साहू, श्यामसुंदर पटनायक, रश्मि ताम्रकार सहित अनेक शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। राजन कुमार दुबे चेयरमैन शैलदेवी महाविद्यालय ने मुख्य अतिथि व आमंत्रित वक्ताओं को प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

### मंडल अध्यक्षों ने जताया नियुक्ति पर आभार



**पाटन।** जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण अंतर्गत नवनियुक्त समस्त मंडल अध्यक्षगणों ने आभार जताया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में समस्त ब्लॉक अध्यक्षों की उपस्थिति में एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से इन सभी ने नियुक्ति उपरांत प्रथम सौजन्य भेंट एवं मुलाकात की। इस अवसर पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्षगणों ने संगठन द्वारा सौंपे गए नवीन दायित्व हेतु पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मोहन साहू, मनहरण यादव, श्रीकांत वर्मा, उमेश साहू, संतोष बाफना, कमलेश साहू,देवेंद्र देशमुख, शिवकुमार वर्मा, नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अजय सिंगौर, गोपाल देवांगन, थानेश्वर यदु, खिलेश बबलू मारकंडे, महेंद्र साहू, जितेंद्र पटेल, कपूर साहू, भूपेंद्र बघेल, सोहन जोशी, नागमणि साहू, शिवकुमार साहू, युवराज साहू, सागर निषाद, चंद्रकुमार बर्मन, गोपी वर्मा, सुमन साहू, पुरषोत्तम पटेल, दीपक मानिकपुरी, भूपेन्द्र साहू, गोपी निर्मलकर, विनोद कुमार, अशोक देशलहरा आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### संदीपनी अकादमी में हुआ वार्षिक खेल महोत्सव



**अहिवारा।** संदीपनी अकादमी में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव 2026 का सफल एवं भव्य समापन उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि आनंद राज सिंह (राष्ट्रीय बॉक्सर एवं बॉडी बिल्डर) तथा विशेष अतिथि प्रमिला कौर (प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कपसड़ा) थे। इस दौरान विद्यार्थियों ने खेल गतिविधियों में पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। दूसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। तीसरे दिन खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां हुईं। मुख्य अतिथि जितेंद्र दीवान (एनएसएस समन्वयक, हेमचंद विश्वविद्यालय, दुर्ग), विशेष अतिथि योगिता बंजारे (नायब तहसीलदार सहायक राजस्व अधिकारी) तथा महेंद्र सिंह ठाकुर थे।

### दही लूट में शामिल हुए ग्रामीण



**पाटन।** यहां वर्मा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक पंडित हरिशरण वैष्णव ने कृष्णजन्म की कथा व उनकी बाल लीलाओ का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जो भगवान के भक्तों का ही चरण पकड़ ले भगवान उन्ही को पहले तार देते है भक्त को तो बाद में तारते है, गज और ग्राह की कथा में यह सीख हमे मिलती है। भागवत कथा के माध्यम से सभी भक्तों ने धूमधाम से श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही लूट का आयोजन किया। इस दौरान आशीष वर्मा पूर्व ओएसडी, अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, जनपद सदस्य रश्मि भेद प्रकाश वर्मा, दिनेश साहू,सरपंच सत्यनारायण टिकरिहा, संतोष पटेल,भविष्य जैन, विजय वर्मा, केदार वर्मा, सुमित विश्वकर्मा, सोमू वर्मा और सतीश नेताम सहित श्रद्धालु मौजूद थे।

### कोनारी पहुंच मार्ग का भूमिपूजन किया विधायक ने



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोनारी में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर दुर्ग बालोद मुख्य मार्ग से ग्राम कोनारी पहुँच मार्ग के निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। लगभग 0.925 किलोमीटर लंबी इस सड़क परियोजना की स्वीकृत लागत 140.77 लाख है, जो क्षेत्र के आवागमन एवं विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। कार्यक्रम में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ नवीन विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर ग्राम सरपंच गुंजेश्वरी साहू, उपसरपंच सुरेश साहू, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, महामंत्री डिलेश साहू, पुराण देशमुख, पंचगण हितेश्वरी साहू,झुनिया बाई साहू,देवनारायण साहू, नंद साहू, बीआर साहू, पारसचंद साहू, विक्रम साहू, बिसौह साहू, कांती साहू, वासु चंद्राकर, चित्ररेखा साहू, राधाबाई साहू, रविकांत साहू, सोनिया साहू साथ ही लोक निर्माण विभाग से एसडीओ एसएस साहू एवं सब इंजीनियर सुनील धीड़ी की उपस्थिति रही।

# पुरस्कार पाकर गदगद हुए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्वामी आत्मानंद विद्यालय सेलूद में शुक्रवार को विद्यालय प्रांगण में भव्य वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। छत्तीसगढ़ी, पंजाबी एवं राजस्थानी लोकनृत्यों व गीतों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने देश की सांस्कृतिक विविधता एवं एकता का सुंदर संदेश दिया, जिसे उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का स्वागत भाषण एवं वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन विद्यालय की प्राचार्य पियाली सेन द्वारा किया गया। समारोह दो सत्रों में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि विजय बघेल, सांसद दुर्ग लोकसभा क्षेत्र रहे। अध्यक्षता रमेश देवांगन, विशेष अतिथि के रूप में खेमिन खेमलाल साहू चंद्रिका कलिहारी टामन साहू उपस्थित थे। द्वितीय सत्र के मुख्य




■ स्वामी आत्मानंद विद्यालय सेलूद में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि एवं पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा रहे। अध्यक्षता खिलेश मार्कण्डे, सरपंच ग्राम पंचायत सेलूद ने की। विशेष अतिथि के रूप में जयश्री वर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं राकेश कुमार साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत सेलूद उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने स्कूली छात्राओं से अपने छात्र जीवन की चर्चा करते हुए कहा कि पहले और आज के स्कूलों में भौतिक सुविधाओं को लेकर काफी अंतर है। उन्होंने कहा कि उनके छात्र जीवन के समय रामलीला जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लड़कियों की अनुपस्थिति के कारण लड़कों को ही लड़कियों का पात्र निभाना पड़ता था और उन्होंने स्वयं भी सीता की भूमिका निभाई थी।

# पाटन को मिलेगा नया साप्ताहिक बाजार

पाटन।नगर पंचायत पाटन के नागरिकों को जल्द ही एक बड़ी सुविधा मिलने जा रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले के सतत प्रयासों से 7 फरवरी, शनिवार से अटारी खोरपा बाजार का शुभारंभ किया जा रहा है। यह बाजार डॉ. खूबचंद बघेल भवन के सामने स्थित मैदान में आयोजित होगा, जिससे व्यापारियों और आम जनता दोनों को सीधा लाभ मिलेगा।

■ अटारी खोरपा बाजार का शुभारंभ 7 फरवरी को, योगेश निक्की भाले की मेहनत रंग लाई

नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने बताया कि यह बाजार उनके घोषणा पत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। बाजार के शुभारंभ से नगरवासियों को ताज़ी सब्ज़ी, दैनिक उपयोग की सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी, वहीं स्थानीय व्यापारियों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने का अवसर मिलेगा। नगर पंचायत द्वारा बाजार की सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण की जा रही हैं। अध्यक्ष भाले ने समस्त व्यापारी बंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर बाजार में दुकानें लगाएं, ताकि बाजार सफल हो और नगरवासियों को बेहतर सुविधा मिल सके। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 6 जनवरी को पाटन में मड़ई मिलन समारोह का सफल आयोजन कर नगर पंचायत ने सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया था। अटारी खोरपा बाजार का शुभारंभ पाटन के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### ग्राम आमटी को पूर्ण साक्षर किया घोषित



**अंडा।** गणतंत्र दिवस पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आमटी के प्रांगण में सम्मान समारोह हुआ। ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी की मुख्य आतिथ्य में मितानिन बहनों को उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए साड़ी एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। वहीं सत्र 2024 - 25 की वार्षिक परीक्षा में प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वालों को सम्मानित किया गया। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को इनाम स्वरूप नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया। सरपंच द्वारा अपने उद्बोधन में ग्राम आमटी को पूर्ण साक्षर घोषित किया गया तथा उल्लास मेला का आयोजन शाला प्रांगण में किया गया।

## बिजनेस साइट

### सेक्टर-10 में जयदीप गैस एजेंसी एचपी गैस का रिनोवेटेड शोरूम शुरू



**भिलाई।** मेघ गंगा ग्रुप के अंतर्गत संचालित जयदीप गैस एजेंसी (एचपी गैस) ने अपनी 43 वर्षों की सेवा के अवसर पर सेक्टर-10 मार्केट, भिलाई में अपने नवनिर्मित शोरूम का उद्घाटन किया। एजेंसी ने इस मौके पर उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा और तेज सेवा देने की दिशा में एक नया कदम बढ़ाया है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि मंगेश एम डोंगरे मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक रायपुर एलपीजी क्षेत्रीय कार्यालय सहित मनोज कुमार मंडल वरिष्ठ क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक भिलाई एलपीजी, महापौर अलका बाघमार उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुर्ग महापौर अलका बाघमार ने कहा कि एलपीजी केवल एक ईंधन नहीं, बल्कि हर घर की सुरक्षा, सुविधा और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा है। इसे हर घर तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योजनाएं भी संचालित की गईं। मेघ गंगा ग्रुप के चेयरमैन मनीष पारख ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा सफर केवल गैस सिलेंडर पहुंचाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हर घर से एक रिश्ता बनाने का रहा है। समाज ने जो विश्वास दिया, उसी ने हमें आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। जयदीप गैस एजेंसी का उद्देश्य उपभोक्ताओं को पहले से अधिक सहज, सुरक्षित और भरोसेमंद सेवाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का संचालन निरमल पारख और संजय देशलहारा ने किया। इस दौरान मनीष पारख, नितेश पारख, निलेश पारख, अविश पारख आदि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय कुष्ठ दिवस पर बढ़ाई जागरुकता



**सेलूद।** राष्ट्रीय कुष्ठ दिवस के अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर फेकारी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ मनोज दानी,जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ अभिषेक श्रीवास्तव एवं खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ भुवनेश्वर कठौतिया के आदेशानुसार तथा खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी बीएल वर्मा एवं चंद्रकांता साहू के मार्गदर्शन में आरएचओ बसंत साहू ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी पर देश में राष्ट्रीय कुष्ठ दिवस मनाया जाता है क्योंकि महात्मा गांधी जी कुष्ठ रोगियों की सेवा बिना किसी भेदभाव के करते थे और कुष्ठ पीड़ितों की सेवा को सबसे बड़ा पुण्य मानते थे। उन्होंने कहा कि यदि इस रोग का उपचार प्रथम लक्षण देखते ही शुरू कर दिया जाए तो अक्षमता और विकृति से भी बचाव हो सकता है। पर्यवेक्षक आरएस शांडिल्य ने बताया कि लक्षण मिलने पर व्यक्ति को तुरंत पास के अस्पताल में जांच के लिए भेजा जाना चाहिए। इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मन्दिर फेकारी के आरएचओ ममता चंद्राकर, बसंत साहू, मधु साहू, सीएचओ लाभेश्वरी यदु, मितानिन प्रेरक सुमन वर्मा मितानिन हेमपुष्पा साहू, देवला ठाकुर, सरिता साहू, रामदुलारी साहू, हिरमोतिन साहू आदि उपस्थित थे।



### राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए प्रधानपाठक वीरेंद्र

**पाटन।** लोकभवन सिविल लाइंस रायपुर में राज्यपाल रमेन डेका ने ब्रेल पुस्तक दिव्यांग महिलाओं की सफलता की कहानी छत्तीसगढ़ के वीर ब्रेल पुस्तक और वर्ल्ड आडियो बुक्स का विमोचन किया। ऑडियो बुक्स में शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी के प्रधानपाठक वीरेन्द्र कुमार ने कक्षा सातवीं के हिंदी छत्तीसगढ़ी भारती नामक पाठ्य पुस्तक का प्रस्तुत करते हुए 100 से अधिक ऑडियो बुक्स का निर्माण किया है। वहीं शारदा एवं प्रीति शांडिल्य द्वारा पूर्व में संयुक्त रूप से ब्रेल बुक तैयार कर छत्तीसगढ़ के 20 ब्रेल आश्रम को 100-100 प्रति फ्री में उपलब्ध कराई जा चुकी है।

### निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन

**सेलूद।** पांच दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेलुद के द्वारा 27 जनवरी से 31 जनवरी तक ग्राम पतोरा के शास. प्राथ. शाला (शासकीय प्राथमिक शाला) प्रांगण में किया गया। संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी दुर्ग डॉ. दिनेश चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में हुए शिविर में सरपंच भुवनेश्वर साहू एवं शिविर प्रभारी डॉ. भावना पाल आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेलुद, रुपेश कुमार योग प्रशिक्षक, फार्मासिस्ट संगीता कोठारी, ओष. सेवक पुष्पा परगनिहा, पी.टी.एस. अर्जुन सिंह ठाकुर एवं ग्रामीण पटेल का, संकुल एवं शाला के समस्त शिक्षकगण का विशेष योगदान रहा।

### शंकरा विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में बाल वाटिका पूर्व प्राथमिक कक्षा द्वारा 37वां वार्षिकोत्सव कनकधारा मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से केजी टू के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ऋचा मिश्रा एएसपी ट्रैफिक विशेष अतिथि डॉ. विनीता धुर्वे स्त्री रोग विशेषज्ञ थीं। स्काउट एंड गाइड के छात्रों ने ससम्मान अतिथियों को मंच तक पहुंचाया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वी रामचंद्रन, सचिव एस स्वामीनाथन, टीआर वेंकटरमण तथा पालक शिक्षक समिति के अन्य सदस्य, प्राचार्य बिपिन देशमुख, उप प्राचार्य विजयन बी, प्रधान पाठिका शीजा जॉन, चरनीत कौर संधू, शोभना कुमार उपस्थित थे। प्राचार्य ने अभिभावकों को विद्यालय द्वारा बच्चों को नैतिक शिक्षा, अनुशासन और संस्कार दिए जाने की बात कही। बाल वाटिका की प्रधान पाठिका शोभना कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए 10 और विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 157 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। सुपर मॉम प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रथम मोमिता रॉय चौधरी, द्वितीय पी वर्षा, तृतीय अदिति साहू, जी ज्योति और आकांक्षा राठौर को सांत्वना पुरुस्कार से पुरस्कृत किया गया। सचिव एस स्वामीनाथन ने बच्चों



को उनकी प्रतिभा के अनुसार आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही। रंग-बिरंगे परिधानों से सजे नन्हे बच्चों ने गणपति थलम, डिस्को डांस, राधा कृष्णा, रेट्रो, वेस्टर्न डांस, हेल्दी फ़ूड, एक बटे दो, चारो धाम, मणिपुरी, छत्तीसगढ़ी नृत्य, सितारे जमीं पर, रोड सेफ्टी, पंजाबी, शिव वंदना, पंच तत्त्व, नरसिम्हा अवतार, एक चतुर नार, देश भक्ति नृत्य की मन मोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने वी रेवती, नीलम शर्मा, सतबीर भाटिया, अनुपमा साहू, अदिति नायक, हिना कौशर, राधा रानी यादव, रूबी दीवानजी, मंजू राव, वी मारग्रेट, सुनीता पटनायक, एन जयलक्ष्मी, वाए अंजू कामेश्वरी, पोंनमणि सथ्यानारायाना, डी मीनाक्षी, प्रेमलता पाण्डेय, पायल पिल्ले, वी.निर्मला के निर्देशन में शानदार प्रस्तुति दी।

## केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया दी नेताओं ने

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला है केंद्रीय बजट : जितेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन/सेलूद

केंद्रीय बजट 2026–27 का स्वागत करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा जी ने कहा कि यह राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक मजबूत और निर्णायक कदम है। भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि यह पहला बजट है, जो कर्तव्य भवन में बना है। इस बजट के तीन प्रमुख कर्तव्य हैं – आर्थिक ग्रोथ को बढ़ावा देना, जनता की उम्मीदों को पूरा करना, सबका साथ, सबका विकास। जितेन्द्र वर्मा ने आगे कहा कि यह बजट विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है, जिसमें गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग, व्यापारी, श्रमिक एवं उद्यमियों सभी वर्गों व क्षेत्रों के हितों का समावेश किया गया है। इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, रोजगार सृजन, स्टार्टअप, एमएसएमई, डिजिटल इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत को नई गति देने वाले प्रावधान किए गए हैं।



### आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम : कीर्ति नायक

**पाटन।** जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए इसे जनहित, ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भर भारत की सोच को सशक्त करने वाला बजट बताया है। श्रीमती नायक ने कहा कि यह बजट किसानों, महिलाओं, युवाओं, गरीब एवं मध्यम वर्ग के लिए आशा और विश्वास का बजट है। ग्रामीण आधारभूत ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सृजन और स्वरोजगार को प्राथमिकता देकर केंद्र सरकार ने देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का स्पष्ट संदेश दिया है।



### मध्यमवर्ग के हितों को ध्यान में रखा सरकार ने : हर्षा

**सेलूद।** भाजपा जिला दुर्ग की उपाध्यक्ष हर्षा लोकमणि चंद्राकर ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट आमजन, किसानों, युवाओं, महिलाओं और मध्यमवर्ग के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह बजट देश को विकास की नई ऊँचाइयों तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका : नायक



**पाटन।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जामगांव एम के ग्राम तर्रा में किया गया। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केवल एक कर्मचारी नहीं, बल्कि समाज की नींव मजबूत करने वाली प्रथम शिक्षिका होती हैं। श्रीमती कीर्ति नायक ने सभी कार्यकर्ताओं को निष्ठा, समर्पण और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप



### इस्पात मंत्रालय के दल ने लिया जायजा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की स्थिति का जायज़ा लेने सरकार, इस्पात मंत्रालय की ओर से दो सदस्यीय दल ने भिलाई इस्पात संयंत्र का निरीक्षण किया। दल में संयुक्त निदेशक आनंद भोई और वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी संदीप मलिक शामिल थे। निरीक्षण दल ने इस्पात भवन, तृतीय स्थल, राजभाषा विभाग में गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित राजभाषा नीति के अनुपालन में संयंत्र द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन। विभिन्न प्रतियोगिताओं, प्रकाशनों, आयोजनों तथा राजभाषा नीति के तहत किए जा रहे विभिन्न कार्यों का अध्ययन किया। श्री भोई और वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी संदीप मलिक ने बीएसपी के महाप्रबंधक प्रभारी अमूल्य प्रियदर्शी से मिलकर बीएसपी में हिंदी के प्रयोग की स्थिति एवं राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के विषय में जाना। उन्होंने कार्यपालक निदेशक पवन कुमार से सौजन्य भेंट की व राजभाषा नीति के कार्यान्वयन तथा भावी कार्यक्रमों के विषय में चर्चा की।

### सड़क उन्नयन कार्य का निदेशक ने किया लोकार्पण



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा टाउनशिप में पंथी चौक से नेहरू नगर फ्लाईओवर तक तथा मिराज सिनेमा से कोतवाली और ओपन एयर थियेटर तक के प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण और उन्नयन कार्य शुक्रवार को पूर्ण किया गया। इसका लोकार्पण बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा किया गया। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने किया। इन व्यस्ततम मार्गों के चौड़ीकरण हो जाने से आवागमन सुगम होगा।
इन मार्गों की चौड़ाई को पूर्व की 7 मीटर से बढ़ाकर 14 मीटर किया गया है। पंथी चौक से नेहरू नगर फ्लाईओवर तक 1.70 किलोमीटर लंबे मार्ग पर कांक्रीट रोड डिवाइडर का निर्माण किया गया है और आधुनिक विद्युत व्यवस्था भी स्थापित की गई है। पाँच नई पुलियाओं का निर्माण भी किया गया है। इससे ट्रैफिक जाम की समस्याओं से नागरिकों को राहत मिलेगी की संभावना है।
इस अवसर पर नगर सेवाएं विभाग के महाप्रबंधक विष्णु पाठक, महाप्रबंधक (नगर सेवाएं – उद्यानिकी) डॉ. एन. के. जैन, उप महाप्रबंधक (नगर सेवाएं – पीएचई) डी. सी. सिंह व नगर सेवाएं विभाग के सहायक महाप्रबंधकगण सरोज झा, कमरुद्दीन, विवेक गुप्ता, रणवीर पुन, अजय साहू आदि मौजूद थे।

# ट्विनसिटी में होंगे 133 करोड़ से रेलवे कार्य, ड्राप आउट बच्चों के लिए बनेगा आवासीय छात्रावास, सहायक उद्योगों को मिलेगी बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केंद्रीय बजट में ट्विनसिटी में भी करोड़ों का प्रावधान किया गया है। रेलवे के क्षेत्र में 133 करोड़ रुपए की लागत से कार्य होंगे। शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल से बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले ड्राप आउट बच्चों को शिक्षा के मूलधारा में वापस लाने के लिए जिले में आवासीय छात्रावास बनाया जाएगा। हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्र को दिए गए विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। भिलाई-दुर्ग के करीब 400 सहायक उद्योगों को एमएसएमई योजना से सुविधा मिलेगी। इससे दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ के 7 लाख से अधिक हथकरघा श्रमिकों एवं उनके परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

भिलाई और दुर्ग के बीच नई शंटिंग लाइन बनाई जाएगी। इसमें करीब 52 करोड़ रुपए लागत आने का अनुमान है। इससे दुर्ग ट्रेनों की शंटिंग में लगने वाले समय में कमी आने की उम्मीद है। इसी तरह करीब 70 करोड़ की लागत से दुर्ग रेलवे स्टेशन में रायपुर नाका के पास कुलिंग प्वाइंट, इंजन शेड के बगल में वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए अलग से शेड बनाया जाएगा। दो ट्रैक पैरलल ट्रैक बनाए जाएंगे। यह मेन लेन से सीधा जुड़ा होगा।



### वंदे भारत एक्सप्रेस का बढ़ेगा रैक

वंदे भारत एक्सप्रेस शेड से सीधे प्लेटफार्म में आएगी। आने वाले दिनों में वंदे भारत एक्सप्रेस के रैक बढ़ेंगे। साथ ही अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का विस्तार होगा। इसके संचालन और रख-रखाव के लिए अलग स्थान की जरूरत होगी। इसे ध्यान रखते हुए नया शेड बनाया जा रहा है। यह उन्नत मेकेनिकल और मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स की तरह होगा। भिलाई में इन दिनों स्टॉफ क्वार्टर की हालत बहुत दयनीय है। इसकी वजह से उसके मेंटेनेंस की जरूरत है। इसके लिए करीब 7 करोड़ रुपए रखा गया है। बीएमवाई कॉलोनी में बाउंड्री वाल बनाई जाएगी। इसके लिए 4 करोड़ का प्रावधान किया गया है। हालांकि रेलवे अधिकारियों का कहना है कि पिंक बुक आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

## भाजपा ने केंद्रीय बजट को विकासोन्मुखी तो कांग्रेस ने बताया निराशाजनक

# जन प्रतिनिधियों व उद्योग, व्यवसाय क्षेत्र के लोगों की प्रतिक्रिया

**भिलाई।** आम बजट पर ट्विनसिटी के जन प्रतिनिधियों, उद्यमियों, व्यवसायियों और आर्थिक क्षेत्र से जुड़े सुधीजनों ने मिलीजुली प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा नेताओं ने बजट को जहां पीएम मोदी के 2042 के विकसित भारत के विजन को फोकस करने और हर वर्ग के विकास पर ध्यान देने वाला विकासोन्मुखी बताया है वहीं कांग्रेस नेताओं ने बजट को निराशाजनका व चुनावी बजट करार दिया है। उद्यमियों व व्यवसायियों के मुताबिक केंद्रीय बजट में सरकार ने उद्योग, ट्रांसपोर्टेशन, और मैन्यूफैक्चरिंग के लिए जो चौतरफा प्रावधान दिए हैं, उससे हर वर्ग को लाभ मिलेगा और देश का तेजी से विकास होगा। महंगाई पर थोड़ी राहत मिलेगी लेकिन रोजगार के अवसर बढ़ने के आसार हैं।

### चौतरफा विकास वाला बजट : सरोज पांडेय



भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने बजट को चौतरफा विकास और अपार अवसरों का राजमार्ग बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है। भारत जिस रिफॉर्म्स पर सवार है, बजट से उसे नई गति मिलेगी। बजट छत्तीसगढ़ को विकास की मुख्य धारा में और मजबूतीस जोड़ने वाला साबित होगा। बजट में सनराइज सेक्टर को खास महत्व दिया गया है। रेयर अर्थ कॉरिडोर, क्रिटिकल मिनिरल्स पर बल, टैक्सटाइल, हाईटेक टूल मैनुफैक्चरिंग जैसी चीजें भविष्य और वर्तमान की जरूरतों का ध्यान रखती हैं।

### सामान्य से भी निचला बजट- नीरज पाल



भिलाई के महापौर नीरज पाल ने मोदी सरकार के बजट को ढोल में पोल बताते हुए कहा कि सरकार जिस हिसाब से विकसित भारत के लिए घोषणाएं करने का ढिंढौरा पीट रही थी, वैसा बजट में कुछ नही है। सामान्य से भी निचले स्तर का बजट है। बजट लोगों की उम्मीद के प्रतिकूल है। पूरा बजट उच्च वर्ग को लाभान्वित करने वाला है, निम्न और मध्यम तबके को झुनुझना पकड़ा दिया गया है।

### बजट के नाम पर झुनझुना : निर्मल कोसरे



भिलाई-चरोदा निगम महापौर निर्मल कोसरे ने बताया कि धान का कटोरा कहलाने वाला छत्तीसगढ़ में लाखों किसान धान बेचने से वंचित हो गए हैं। महंगाई बढ़ी हुई है, किसानों को दाम नहीं मिल पा रहा है। अब तो मनरेगा भी मजदूरों से छिन गया है। यह बजट सिर्फ झुनझुना पकड़ाने वाला है। बजट में किसानों को ठगने वाला दिख रहा है। बजट में किसानों के हितों को लेकर कोई योजना का जिक्र नहीं किया गया। मनरेगा से भी उन्हें पूरी तरह से वंचित किया गया है। बजट पूरी तरह से फेल है।

### क्या छत्तीसगढ़ विकसित भारत का हिस्सा नहीं



भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव का कहना है कि भाजपा नेताओं के पास मोदी चालीसा के अलावा बताने के लिए कुछ भी नहीं है। मैं इस बजट को युवा और किसान मुक्त कहूंगा। इसमें युवाओं को रोजगार देने से जुड़ी कोई नई योजना या लक्ष्य दिखाई नहीं देता है। किसानों के लिए कोई योजना नहीं है। देश का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर प्रतिदिन कमजोर होता जा रहा है। सबसे पीड़ा की बात यह है कि इस बजट में छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कुछ भी नहीं है। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं क्या छत्तीसगढ़ आपके कथित विकसित भारत का हिस्सा नहीं है।

### विकसित भारत निर्माण का ब्ल्यू प्रिंट : रिकेश



वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने मोदी सरकर के बजट की सराहना करते हुए कहा कि बजट केवल एक वित्तीय विवरण नहीं, बल्कि 'विकसित भारत' के निर्माण का एक सशक्त ब्लूप्रिंट है। जहां विपक्ष केवल भ्रम फैलाता है वहीं मोदी सरकार ने वित्तीय घाटे को 4.3 प्रतिशत पर सीमित रख कर यह दिखा दिया है कि आर्थिक अनुशासन और जन-कल्याण साथ-साथ चल सकते हैं। सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 12.2 लाख करोड़ का प्रावधान किया है। जो देश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा निवेश है।

### आम नागरिकों को राहत नहीं : ताम्रध्वज साहू



पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि बजट देश की जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह विफल रहा है। बजट में न तो कोई नई सोच दिखाई देती है और न ही आम लोगों की समस्याओं का कोई ठोस समाधान प्रस्तुत किया गया है। सरकार ने पुराने प्रावधानों को नए शब्दों में प्रस्तुत कर केवल आंकड़ों की बाजीगरी की है। बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की आय, मध्यम वर्ग को राहत, युवाओं के रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा और गरीब वर्ग के जीवन स्तर में सुधार जैसे बुनियादी मुद्दों पर सरकार कोई ठोस घोषणा करने में असफल रही है।

### एमएसएमई के पर्याप्त बजट नहीं : केके झा



एमएसएमई जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष केके झा ने कहा कि बजट में एमएसएमई के लिए 10 हजार करोड़ का प्रावधान पर्याप्त नहीं है। इसे कम से कम 1 लाख करोड़ बढ़ाए जाने की जरूरत है। बजट में इंपोर्ट को बढ़ावा देने की बात कही गई है जबकि एक्सपोर्ट को बढ़ावा देना था। एक्सपोर्ट बढ़ने से ही एमएसएमई का विकास होगा। एमएसएमई रोजगार का एक बड़ा सेक्टर है इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इससे एमएसएमई सेक्टर को कम मजबूती मिलेगी। बजट में इस पर ध्यान देना चाहिए।

### लोगों को पकड़ाया जा रहा लालीपॉप : राजू



कांग्रेस नेता लक्ष्मीपति राजू का कहना है कि केंद्रीय बजट लोगों को लालीपॉप देने वाला है। छत्तीसगढ़ के परिदृश्य को देखते हुए बजट तैयार नहीं किया गया है। न तो किसानों और न ही आम जनता के हितों की बात बजट में की गई है। जिस विकसित भारत की बात को लेकर बजट पेश करने का दावा किया जा रहा है वह पूरी तरह से फेल है। इससे देश का विकास आगे बढ़ने की जगह पीछे आएगा। जनता के ऊपर टैक्स का बोझ बढ़ता जा रहा है लेकिन रोजगार और नीतियों को लेकर कोई बात नहीं की जा रही है।

### सबका साथ, सबका विकास वाला बजट



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बजट को लेकर कहा कि ऐतिहासिक बजट कर्तव्य भवन में तैयार किया गया है। बजट जन-आकांक्षाओं की पूर्ति करते हुए सार्वजनिक निवेश, सुदृढ़ वित्तीय तंत्र, कृषि-ग्रामीण सशक्तिकरण, उद्योग और रोजगार सृजन को गति देकर आर्थिक विकास को नई दिशा देगा। सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ यह बजट तैयार किया गया है।

### यूथ के लिए रोजगारोन्मुखी- बीके गुप्ता



बीके उद्योग समूह के चेयरमेन विजय कुमार गुप्ता ने केंद्रीय बजट को देश के लिए विकासोन्मुखी बताते हुए उद्यम और रोजगार की दृष्टि से युवाओं के लिए आशा जगाने वाला बताया है। उन्होंने कहा हालांकि देशवासियों के जैसी उम्मीद थी, बजाय इसमें वैसा कुछ खास नहीं है लेकिन ओवरआल बजट पर एकबारगी नजर डालें तो यह डिफेंस, मेडिकल के बाद एसएमईएस के विकास के लिए बेहतर है। छोटे और लघु उद्योगों के विकास और स्टार्टअप डालने के लिए बड़े फंड के साथ प्रक्रिया को सरलीकृत किया गया है।

### आत्मनिर्भर और विकसित भारत वाला बजट



जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा बजट छत्तीसगढ़ के विकास में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि सरकार का ठोस और दूरदर्शी संकल्प है। उन्होंने कहा कि निवेश, उद्योग और रोजगार सृजन, पब्लिक इन्वेस्टमेंट और मजबूत वित्तीय प्रणाली पर विशेष जोर दिया गया है। बजट में हेल्थ, मैन्युफैक्चरिंग और इलेक्ट्रिक सहित सभी सेक्टरों के विकास को लेकर राशि देने का प्रावधान है। इससे छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे भारत को विकास की नई दिशा मिलेगी।

### एमएसएमई से मिलेगी नई ग्रोथ



भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा दुर्ग के अध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना ने कहा कि रविवार का बजट बहुत ही काबले तारीफ बजट रहा इस बजट में सब का ध्यान रखा गया है। एमएसएमई के लिए विशेष पैकेज 10000 करोड़ का पैकेज एमएसएमई की ग्रोथ के लिए। 2000 करोड़ का टॉप अप एमएसएमई के लिए। इससे एमएसएमई को एक नई ग्रोथ मिलेगी। स्टूडेंट्स के लिए यूनिवर्सिटी टाउनशिप बनाना स्पेशली गर्ल्स होस्टल्स और वो भी इंडस्ट्रियल स्टेम के साथ जोड़ के बनाना जिससे पढ़ने के बाद इंडस्ट्रियल बेल्ट में नौकरी का भी प्रावधान होगा।

### ऐतिहासिक व विकासोन्मुखी है बजट- प्रेमप्रकाश



पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने बजट को ऐतिहासिक और विकासोन्मुखी निरूपित बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से छत्तीसगढ़ को उद्योग, व्यवसाय और ट्रांसपोर्टेशन के विकास का लाभ मिलेगा। बजट में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा के तहत 5 टूरिज्म हब स्थापित होंगे हाई क्वालिटी के आयुर्वदेकि प्रोड्क्ट्स को आयात किया जाएगा और आयुर्वेद में 4 एम्स स्थापित करने करने के साथ एजुकेशन व मेडिकल पर्पस पर 5 की बजाये 2 फीसदी रियायत से राहत मिलेगी।

### नए सपने लेकिन जमीन पुरानी : वोरा



पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि यह बजट विकास का दस्तावेज कम और शब्दों व स्लोगनों की बाजीगरी ज़्यादा है। हर साल नए शब्द, विफलताएं। बजट में बड़े-बड़े दावे हैं, पर आम आदमी की रोजमर्रा की परेशानियों का कोई ठोस समाधान नहीं है। बजट न युवाओं का है, न किसानों का, न मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए है। यह ऊंची दुकान, फीका पकवान जैसे बजट है। इस बजट को केवल चुनावी बजट ही कहा जा सकता है, जिसमें विकास के नाम पर लोगों को भ्रमित करने का काम किया जा रहा है।

### दिशाहीन बजट जनता के हित में नहीं



जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने आम बजट को पूरी तरह से दिशाहीन सरकार का दिशाहीन बजट बताया है। जिसमें आम आदमी, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग के लिए कुछ भी ठोस नहीं है। कृषि प्रधान देश होने के बावजूद भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का जो वादा किया था। वह इस बजट में भी खोखला साबित हुआ है। बजट में गरीब और निम्न वर्ग के लोगों के विकास को लेकर कोई ठोस योजना दिखाई नहीं देती है।

### बेटियों के लिए बेहतर बजट : निहाल



अखिल भारतीय उड़िया समाज प्रदेश महासचिव तरुण निहाल ने बजट को लेकर कहा कि केन्द्र सरकार ने कैंसर, शुगर की दवा की कीमत कम कर बीमारों के लिए बेहतर साबित होगा। विदेशों में पढ़ाई और टूर पैकेज जैसे योजना सराहनीय है। बेटियों के लिए हर जिले में गर्ल्स हास्टल की स्थापना भी है। श्री निहाल ने केंद्र की बजट लोक हित में होने के साथ साथ आम लोगों के लिए भी कारगर साबित होगा। इसके अलावा अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकता है, लेकिन बजट में नया कुछ नहीं दिखाई दे रहा है।

## 30 एमएलडी सीवरेज पाइपलाइन की मरम्मत के बाद जेपी सीमेंट मार्ग पर यातायात बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के अंतर्गत कार्यरत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी पीएचई अनुभाग तथा वर्कशॉप की संयुक्त टीम ने भिलाई टाउनशिप में 30 एमएलडी सीवरेज पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य पूर्ण किया। मरम्मत उपरांत जेपी सीमेंट को जाने वाली सड़क को पुनः यातायात के लिए खोल दिया गया है। बीएसपी टाउनशिप के सेक्टर-4 स्थित सड़क-29 के समीप क्रॉस रोड-3 के नीचे से गुजरने वाली 30 एमएलडी क्षमता की सीवरेज पाइपलाइन में अचानक रिसाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। जिसके परिणामस्वरूप सड़क की सतह प्रभावित हुई तथा यातायात संचालन में बाधा आई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी पीएचई अनुभाग, सेक्टर-6 तथा वर्कशॉप की संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मरम्मत कार्य प्रारंभ किया। पाइपलाइन को सफलतापूर्वक चार्ज किए जाने के उपरांत 30 एमएलडी फिल्टर हाउस तक सीवरेज जल का प्रवाह सामान्य हो गया व टाउनशिप की संपूर्ण सीवरेज प्रणाली पुनः सामान्य रूप से कार्य करने लगी है। मरम्मत कार्य में विभाग के उप महाप्रबंधक डीसी सिंह, सहायक महाप्रबंधक पूरनलाल साहू, जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट सुनील डोगरे, नितिन कश्यप, चमरू, पुरुषोत्तम रेड्डी, विद्युत विभाग से सहायक महाप्रबंधक एके साहू आदि का योगदान रहा।

## बीएसपी कार्मिकों को समग्र व्यक्तित्व विकास के दिए टिप्स

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ प्रबंधन और कर्मचारियों के समग्र व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता सुदृढ़ीकरण तथा प्रभावी निर्णय-निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए एचआर ज्ञानार्जन एवं विकास (बीएमडीसी), सेक्टर-7 में दो दिवसीय बॉडी, माइंड एंड हार्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। इसमें विभिन्न विभागों से 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने आज के चुनौतीपूर्ण संगठनात्मक परिवेश में आंतरिक संतुलन तथा आत्म-जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला और संतुलन का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि सतत उत्पादकता और नेतृत्व में उत्कृष्टता तभी संभव है, जब शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक सुदृढ़ता के बीच संतुलन बना रहे। महाप्रबंधक प्रभारी एसके श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन दिया।संवादात्मक सत्रों, अनुभवात्मक अधिगम एवं आत्म-चिंतन आधारित अभ्यासों के माध्यम से उन्होंने नेतृत्व व्यवहार, कार्यस्थल संबंधों तथा व्यक्तिगत प्रभावशीलता में शरीर, मन और हृदय की परस्पर भूमिका को बताया। सत्रों के दौरान तनाव प्रबंधन, दृष्टिकोण विकास, संवाद कौशल, सहानुभूति, ऊर्जा प्रबंधन एवं सचेत निर्णय आदि पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों को ध्यान, चिंतन एवं अनुभवात्मक अभ्यास जैसे व्यावहारिक साधनों से भी परिचित कराया गया।

### बीएसपी श्रमिकों के लिए होगा यह फायदेमंद

# नए श्रम कानून से बदलेगा श्रमिकों का वेतन ढांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नए श्रम कानून से बीएसपी श्रमिकों का वेतन ढांचा बदलेगा। जिसमें 4 से 6 हजार रुपये तक बढ़ोतरी की संभावना है। दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि नए श्रम कानूनों के क्रियान्वयन के बाद श्रमिकों के मासिक वेतन में वृद्धि होगी। सरकार 1 अप्रैल से इन कानूनों को पूरी तरह लागू करने की दिशा में काम कर रही है। पहले और अब वेतन में संभावित अंतर वर्तमान में विभिन्न श्रेणियों के श्रमिकों को राज्य वेतनमान के तहत भुगतान किया जा रहा है। नए कानून के तहत केंद्रीय वेतनमान लागू होने पर वेतन में बढ़ोतरी का अनुमान लगाया जा रहा है।

■ 4 से 6 हजार रुपये तक बढ़ोतरी की संभावना

#### संभावित वेतन

नए कानून के तहत अकुशल श्रमिक पहले लगभग 11 हजार और अब लगभग 15 हजार प्रतिमाह, अर्ध-कुशल श्रमिकों 12,500 से अब अब 17,500 प्रति माह, कुशल श्रमिक को पहले 14 हजार और अब लगभग 19,500 प्रतिमाह, तकनीकी व सुपरवाइजर श्रेणी में पहले लगभग 16 हजार और अब 22 हजार प्रतिमाह दिया जायेगा। इस श्रेणी के अनुसार 4 हजार से 6 हजार प्रतिमाह तक बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है।

#### तकनीकी और सुपरवाइजर पद शामिल

सांसद ने बताया कि अब तक कई तकनीकी और सुपरवाइजर पद श्रम कानून की स्पष्ट परिभाषा में नहीं आते थे, जिसके कारण उन्हें श्रम न्यायालय में सीधे शिकायत का अधिकार नहीं मिल पाता था। नए कानून लागू होने के बाद ये पद भी श्रमिक की परिभाषा में आएंगे।

#### पेंशन और वेतन भुगतान में बदलाव

नए श्रम कानूनों के साथ प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत असंगठित श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु के बाद 3 हजार मासिक पेंशन देने का प्रावधान है। वहीं बीएसपी में एकाउंट के माध्यम से वेतन सीधे बैंक खाते में भुगतान करने की व्यवस्था भी लागू की जा रही है, जिससे वेतन भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

#### राजहरा माइंस में लागू व्यवस्था, अब बीएसपी की बारी

उन्होंने बताया कि राजहरा माइंस क्षेत्र में पहले से केंद्रीय वेतनमान लागू है, जबकि अब यही व्यवस्था बीएसपी और अन्य इस्पात संयंत्रों में लागू करने की तैयारी की जा रही है।

## 1800 श्रमिकों को मिलेगा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का लाभ

**भिलाई।** असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को 60 वर्ष के आयु पश्चात मासिक पेंशन प्रदान करने के लिए भारत शासन श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों को सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन की सुविधा प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए 2 से 14 फरवरी तक भिलाई निगम क्षेत्र के 18 वर्ष से 40 वर्ष आयु समूह के असंगठित श्रमिकों का पंजीयन करने अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। असंगठित श्रमिक जैसे- फूटकर विक्रेता, रिक्शा चालक, निर्माण श्रमिक, घरेलु श्रमिक, कचरा बिनने वाले, कृषि श्रमिक, बीड़ी श्रमिक, मोची, हस्तकरधा, धोबी-चमड़े का काम करने वाले सहित125 व्यवसाय में कार्यरत श्रमिकों जिनकी मासिक आय 15000 से कम हो योजना मे शामिल होंगे। 60 वर्ष पश्चात प्रत्येक श्रमिक को 3000 रुपए न्यूनतम पेंशन प्रतिमाह देय होगा। हितग्राही की मृत्यु पश्चात नामिनी को 50 प्रतिशत पेंशन दिया जाएगा। इस योजना का क्रियान्वयन भारतीय जीवन बीमा निगम के सहयोग से किया जायेगा।


